राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

पं. दीनदयाल उपाध्याय शेखावटी विश्वविद्यालय, सीकर का अतिरिक्त कार्यभार जोबनेर के श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति को

—

जयपुर, 18 फरवरी। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र ने मंगलवार को एक आदेश जारी कर सीकर के पं. दीनदयाल उपाध्याय शेखावटी विश्वविद्यालय का अतिरिक्त कार्यभार जोबनेर के श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति श्री जीतसिंह संधु को दिया है।

उल्लेखनीय है कि पं. दीनदयाल उपाध्याय शेखावटी विश्वविद्यालय, सीकर के कुलपति श्री भंवर लाल शर्मा का कार्यकाल 21 फरवरी को पूरा होने जा रहा है।

राज्यपाल ने हनुमान मंदिर में पूजा–अर्चना की

जयपुर, 18 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र और राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र ने मंगलवार को सांय यहां चांदी की टकसाल स्थित काले हनुमानजी के मंदिर में पूजा–अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक(जनसम्पर्क)
राज्यपाल, राजस्थान